अभ्यास प्रश्न पत्र (एक) **2020-21** विषय**-** हिंदी**-**अ (कोड**-002)** कक्षा **10**

निर्धारित समय**: 3** घंटे। अधिकतम अंक**- 80**

| | | |
|---|---|---|
| निम्नलिखित निर्देशों का पालन कीजिए।<br>इस प्रश्न पत्र में 2 खंड हैं। खंड'अ' और 'ब'। खंड 'अ'में कुल 9 वस्तु पूरक प्रश्न पूछे गए हैं । सभी प्रश्नों में उप प्रश्न दिए गए हैं। खंड 'ब' में कुल 8 वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं। प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं। निर्देशों का पालन करते हुए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। | | |
| | खंड-अ 'वस्तुपरक-प्रश्न' | |
| | अपठित गद्यांश | (05) |
| प्रश्न 1. | नीचे दो गद्यांश दिए गए हैं किसी एक गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए | 5X1=5 |
| | गद्यांश-1 | |
| | यदि आप इस गद्यांश का चयन करते हैं तो कृपया उत्तर पुस्तिका में लिखें कि आप प्रश्न संख्या 1 में दिए गए गद्यांश-1 पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिख रहे हैं। | |
| | साहित्योन्नति के साधनों में पुस्तकालयों का स्थान अत्यंत महत्वपूर्ण है। इनके द्वारा साहित्य के जीवन की रक्षा, पुष्टि और अभिवृद्धि होती है पुस्तकालय सभ्यता के इतिहास का जीता जागता गवाह है। इसी के बल पर वर्तमान भारत को अपने अतीत गौरव पर गर्व है। पुस्तकालय भारत के लिए कोई नई वस्तु नहीं है। लिपि के आविष्कार से आज तक लोग निरंतर पुस्तकों का संग्रह करते रहे हैं। पहले देवालय, विद्यालय और नृपालय इन संग्रहों के प्रमुख स्थान होते थे। इनके अतिरिक्त विद्वजनों के अपने निजी पुस्तकालय भी होते थे। मुद्रण कला के आविष्कार से पूर्व पुस्तकों का संग्रह आज की तरह सरल बात ना थी। आजकल साधारण स्थिति के पुस्तकालय में जितनी संपत्ति लगती है, उतनी उन दिनों कभी-कभी एक्-एक पुस्तक की तैयारी में लग जाया करती थी। भारत के पुस्तकालय संग्रह संसार भर में अपना सानी नहीं रखते थे। प्राचीन काल से मुगल- सम्राटों के समय तक यही स्थिति रही। चीन, फारस प्रभृत्ति सुदूरस्थित देशों से झुंड-के-झुंड विद्यानुरागी लंबी यात्राएं करके भारत आया करते थे। | |
| | निम्नलिखित में से निर्देशानुसार सबसे उचित विकल्पों का चयन कीजिए;- | |
| (1) | ऊपर के गद्यांश का उचित शीर्षक क्या हो सकता है**?**<br>क) पुस्तकालय और भारत। ख) विद्यानुरागी की लंबी यात्राएं<br>ग) निजी पुस्तकालय। घ) देवालय और पुस्तकालय | 1 |
| (2) | पुस्तकालयों के कारण भारत को क्या गौरव प्राप्त था?<br>क) भारत में बहुत से पुस्तकालय थे।<br>ख) भारत के पुस्तकालय बहुत महंगे थे।<br>ग) चीन फारस जैसे सुदूरवर्ती देशों से विद्यानुरागी भारत आया करते थे।<br>घ) यहां पुस्तकों का संग्रह बहुत कठिन था। | 1 |
| (3) | पुराने समय में पुस्तकालयों पर बहुत अधिक व्यय क्यों होता था**?**<br>क) मुद्रण कला की व्यवस्था नहीं थी। ख) लेखकों की कमी थी<br>ग) कागज बहुत महंगे थे। घ) पढ़ने वाले छात्रों की कमी थी। | 1 |
| (4) | साहित्य की उन्नति का सबसे महत्वपूर्ण साधन क्या है**?**<br>क) प्रधानमंत्री ख) शिक्षा मंत्री<br>ग) पुस्तकालय घ) लेखक | 1 |
| (5) | पुस्तकालय का प्रारंभ कब से हुआ**?**<br>क) देश की आजादी के बाद से ख) मुगल- सम्राटों के समय से<br>ग) लिपि के आविष्कार के साथ घ) 1845 से | 1 |
| | अथवा गद्यांश-2 | |
| | यदि आप इस गद्यांश का चयन करते हैं तो कृपया उत्तर पुस्तिका में लिखें कि आप प्रश्न संख्या 1 में दिए गए गद्यांश-2 पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिख रहे हैं। | |
| | हमारी हिंदी सजीव भाषा है। इसी कारण इसने अरबी, फारसी आदि के संपर्क में आकर इनके तो शब्द ग्रहण किए ही है, अब अंग्रेजी के भी शब्द ग्रहण Kim करती जा रही है। इसे दोष नहीं गुण ही समझना चाहिए; क्योंकि अपनी इस ग्रहण शक्ति से हिंदी अपनी वृद्धि कर रही है, ह्रास नहीं। ज्यों-ज्यों इसका प्रचार बढ़ेगा त्यों-त्यों इसमें नए शब्दों का आगमन होता जाएगा। क्या भाषा की विशुद्धता के किसी भी पक्षपाती में यह शक्ति है कि वह विभिन्न जातियों के पारस्परिक संबंध को ना होने दें अथवा भाषाओं की समृद्ध सम्मिश्रण क्रिया में रुकावट पैदा कर दे? यह कभी संभव नहीं। हमें तो केवल इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि इस सम्मिश्रण के कारण हमारी भाषा अपने स्वरुप को तो नहीं नष्ट कर रही--कहीं अन्य भाषाओं के बेमेल शब्दों के मिश्रण से अपना रूप तो विकृत नहीं कर रही। अभिप्राय यह कि दूसरी भाषाओं के शब्द, मुहावरे आदि ग्रहण करने पर भी हिंदी हिंदी ही बनी रही है या नहीं, बिगड़ कर कहीं वह कुछ और तो नहीं होती जा रही? | |
| | निम्नलिखित में से निर्देशानुसार सबसे उचित विकल्पों का चयन कीजिए;- | |
| (1) | इस अवतरण का उचित शीर्षक क्या हो सकता है**?** | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | क) मिश्रित भाषा। ख) सजीव भाषा<br>ग) हिंदी और फारसी। घ) हिंदी का महात्म्य | |
| (2) | हिंदी भाषा की वह कौन- सी विशेषता है जिसे लेखक ने गुण माना है, दोष नहीं।<br>क) दूसरी भाषाओं के शब्द ग्रहण ना कर पाना<br>ख) दूसरी भाषाओं के शब्द ग्रहण कर लेना<br>ग) हिंदी का प्रचार करना<br>घ) भाषाओं के सम्मिश्रण में रुकावट पैदा करना | 1 |
| (3) | हिंदी में नए शब्दों को अपनाते समय किस बात को ध्यान में रखना चाहिए?<br>क) हिंदी का अपना स्वरूप विकृत ना हो<br>ख) सही अर्थ प्राप्त हो<br>ग) वह शब्द पढ़ा जा सके<br>घ) वह शब्द दूसरी भाषा का ना हो | 1 |
| (4) | सजीव भाषा से तात्पर्य है:-<br>क) समय के साथ यह अन्य भाषाओं के शब्दों को ग्रहण कर लेती है<br>ख) इसका प्रचार होता रहता है<br>ग) इसमें पक्षपात की शक्ति है<br>घ) यह अन्य भाषाओं के बेमेल शब्दों को ग्रहण कर लेती है | 1 |
| (5) | विशुद्धता शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग, प्रत्यय और मूल शब्द को छांटिए<br>क) वि+शुद्ध+ता ख) विशुद्ध+ता<br>ग) वि+शुद्धता। घ) विशु+धाता | 1 |
| | अपठित पद्यांश | (05) |
| प्रश्न 2. | नीचे दो पद्यांश दिए गए हैं किसी एक पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए | 5X1=5 |
| | पद्यांश -1 | |
| | यदि आप इस पद्यांश का चयन करते हैं तो कृपया उत्तर पुस्तिका में लिखें कि आप प्रश्न संख्या -2 में दिए गए पद्यांश -1 पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिख रहे हैं। | |
| | ओ निराशा, तू बता क्या चाहती है?<br>मैं कठिन तूफान कितने झेल आया,<br>मैं रुदन के पास हंस- हंस खेल आया।<br>मृत्यु -सागर -तीर पर पद-चिन्ह रखकर-<br>मैं अमरता का नया संदेश लाया।<br>आज तू किस को डराना चाहता है?<br>ओ निराशा तू बता क्या चाहती है ?<br>शूल क्या देखूं चरण जब उठ चुके हैं<br>हार कैसी, हौसले जब बढ़ चुके हैं।<br>तेज मेरी चाल आंधी क्या करेगी?<br>आग में मेरे मनोरथ तप चुके हैं ।<br>आज तू किस से लिपटना चाहती है?<br>चाहता हूं मैं कि नभ-थल को हिला दूं,<br>और रस की धार सब जग को पिला दूं ।<br>चाहता हूं पग प्रलय- गति से मिलाकर<br>आह की आवाज पर मैं आग रख दूं।<br>आज तू किस को जलाना चाहती है?<br>वह निराशा तू बता क्या चाहती है? | |
| | निम्नलिखित में से निर्देशानुसार सबसे उचित विकल्पों का चयन कीजिए;- | |
| (1) | निराशा किसे डराना चाहती है?<br>क) साहसी कवि को ख) मननशील पाठक को<br>ग) जुझारू वीरों को घ) निराश व्यक्ति को | 1 |
| (2) | कवि क्या चाहता है?<br>क) विश्व में प्रलय ख) इच्छाओं की पूर्ति<br>ग) संसार में क्रांति घ) असीमित अधिकार | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| (3) | कवि निराशा को ललकारते हुए अपने बारे में बता रहा है कि:<br>क) वह परेशानियों से पराजित हुआ है ख) वह तूफानों से डरा है<br>ग) उसको दुखों ने रुलाया है घ) वह अमरता संदेश लेकरआया है | 1 |
| (4) | कविता का मुख्य संदेश है:<br>क) वीरता ख) अमरता<br>ग) क्रांतिकारिता घ) आशावादिता | 1 |
| (5) | "मृत्युसागर" में प्रयुक्त अलंकार है:<br>क) श्लेष। ख) उत्प्रेक्षा<br>ग) रूपक घ) उपमा | 1 |
| | अथवा पद्यांश -2 | |
| | यदि आप इस पद्यांश का चयन करते हैं तो कृपया उत्तर पुस्तिका में लिखें कि आप प्रश्न संख्या-2 में दिए गए पद्यांश -2 पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिख रहे हैं। | |
| | वह आता-<br>दो टूक कलेजे के करता, पछताता<br>पथ पर आता।<br>पीठ पीठ दोनों मिलकर हैं एक,<br>चल रहा ल कुटिया टेक,<br>मुट्ठी- भर दाने को- भूख मिटाने को,<br>मुंह फटी पुरानी झोली का फैलाता -<br>दो टूक कलेजे के करता पछताता, पथ पर आता।<br>साथ दो बच्चे भी हैं सदा हाथ फैलाए,<br>बाएं से वे मलते हुए पेट को चलते,<br>और दाहिना दया दृष्टि पाने की ओर बढ़ाएं।<br>भूख से सूख ओंठ जब जाते<br>दाता- भाग्य- विधाता से क्या पाते?<br>घूंट आंसुओं के पीकर रह जाते।<br>चाट रहे जूठी पत्तल हुए सभी सड़क पर खड़े हुए,<br>और झपट लेने को उनसे कुत्ते भी हैं अड़े हुए। | |
| | निम्नलिखित में से निर्देशानुसार सबसे उचित विकल्पों का चयन कीजिए;- | |
| (1) | 'कलेजे के दो टूक करने' का आशय है-<br>क) हृदय व्याकुल करना ख) कलेजे के टुकड़े टुकड़े कर देना<br>ग) दिल तोड़ देना घ) दो टूक उत्तर देना | 1 |
| (2) | भूख मिटाने के लिए भिखारी पाना चाहता है-<br>क) बचा खुचा भोजन ख) भरपेट भोजन<br>ग) मुट्ठी भर दाने घ) स्वादिष्ट भोजन | 1 |
| (3) | भूख से होंठ सूख जाने पर भिखारी के लिए एकमात्र उपाय है-<br>क) रह जाना ख) पानी पी लेना<br>ग) जूठी पत्तल चाटना। घ) आंसुओं के घूंट पीकर रह जाना | 1 |
| (4) | पेट- पीठ दोनों मिलकर हैं एक का आशय है:<br>क) पेट और पीठ एक जैसे दिखना ख)पेट कमजोर हो जान ग) भूख से खाली पेट का पीठ से चिपक जाना घ) पेट- पीठ एक हो जाना | 1 |
| (5) | कवि द्वारा भिखारी और कुत्तों के बीच प्रतिद्वंदिता की ओर संकेत करने का उद्देश्य है :-<br>क) भीख ना देने वाले पर गुस्सा दिखाना ख) एक दूसरे को नीचा दिखाना<br>ग) सामाजिक विषमता पर बंद करना घ) दोनों की समानता दर्शाना | 1 |
| | व्यावहारिक व्याकरण | (16) |
| प्रश्न.3 | निम्नलिखित पांच में से किन्ही चार प्रश्नों के उत्तर दें। | 4X1 |
| (1) | गाय ने बछड़े को दूध पिलाया। रचना के आधार पर यह वाक्य है:<br>क) मिश्र वाक्य | |

| | | |
|---|---|---|
| | ख) सरल वाक्य<br>ग) संयुक्त वाक्य<br>घ) साधारण वाक्य | |
| (2) | 'दादा जी चाहते हैं कि मैं शिक्षक बनूं।' इसका सरल वाक्य में रूपांतरण है:-<br>क) दादाजी शिक्षक बनना चाहते हैं।<br>ख) मैं चाहता हूं दादा जी शिक्षक बन जाएं।<br>ग) दादा जी मुझे शिक्षक बनाना चाहते हैं।<br>घ) दादा जी मुझे शिक्षक बनाना नहीं चाहते। | |
| (3) | आश्रित उपवाक्य के भेद बताइए<br>जो आदमी खेत जोतता है वह किसान होता है।<br>क) संज्ञा उपवाक्य। ख) विशेषण उपवाक्य<br>ग) क्रिया विशेषण उपवाक्य। घ) इनमें से कोई नहीं | |
| (4) | इनमें से संयुक्त वाक्य का उदाहरण है:<br>क) वे टिकट यात्री रेलगाड़ी से उतर जाएं।<br>ख) सिपाही ने उस व्यक्ति को पीटा जो चोर था।<br>ग) गायक ने सुंदर गाना प्रस्तुत किया।<br>घ) बच्चों ने नाश्ता किया और विद्यालय गए। | |
| (5) | निम्नलिखित में से मिश्र वाक्य है<br>क) सिपाही ने चोर को देखा और पकड़ने दौड़ा।<br>ख) हरीश नौकरी करना चाहता है।<br>ग) जो प्रथम आएगा वह पुरस्कार पाएगा।<br>घ) मोबाइल फोन गिरा और टूट गया। | |
| प्रश्न.4 | निम्नलिखित पांच प्रश्नों में से किन्ही चार के उत्तर दें:- | 4X1 |
| (1) | 'रजत से अंग्रेजी अखबार नहीं पढ़ा जाता' इस वाक्य का वाच्य बताइए।<br>क) कर्तृवाच्य<br>ख) कर्मवाच्य<br>ग) भाववाच्य<br>घ) आपादान वाच्य | |
| (2) | कर्मवाच्य वाला वाक्य छांटिए।<br>क) प्रधानमंत्री के द्वारा पुरस्कार दिया गया।<br>ख) मैं गा नहीं सकता।<br>ग) रवि पत्र नहीं लिख सकता।<br>घ) मरीज से बिस्तर से उठा नहीं जाता। | |
| (3) | 'बसंतलता द्वारा गीत गाए गए' इस वाक्य को कर्तृवाच्य में बदलिए।<br>क) बसंतलता गीत गाना जानती है।<br>ख) बसंतलता ने गीत गाए।<br>ग) बसंतलता ने गीत गुनगुनाए।<br>घ) बसंतलता गीत गाओ। | |
| (4) | भाव वाच्य का उचित विकल्प कौन सा है?<br>क) बच्चे ने बंदर को मारा।<br>ख) यह किताब गुरु जी ने दिया था।<br>ग) गोविंद आम बेचता है।<br>घ) मोहन से बैठा नहीं जाता। | |
| (5) | 'उनके सामने कौन बोल सकेगा' ? भाव वाच्य में बदलिए।<br>क) उनके सामने कोई नहीं बोलता।<br>ख) कोई उनके सामने बोलो।<br>ग) उनके सामने किस से बोला जा सकेगा?<br>घ) कौन उनके सामने बोलेगा? | |

| | | |
|---|---|---|
| प्रश्न.5 | निम्नलिखित 5 में से किन्ही 4 प्रश्नों के उत्तर दें: | 4X1 |
| | रेखांकित पद का पद परिचय दीजिए | |
| (1) | शहर में ऊंचे मकान हैं।<br>क) जातिवाचक संज्ञा, पुलिंग, बहुवचन, अधिकरण कारक।<br>ख) व्यक्तिवाचक संज्ञा, पुलिंग, बहुवचन, अधिकरण कारक।<br>ग) समूहवाचक संज्ञा, स्त्रीलिंग, एकवचन, कर्ता कारक।<br>घ) क्रिया विशेषण, पुल्लिंग, एकवचन, अधिकरण कारक। | |
| (2) | मैं प्रतिदिन स्नान करता हूं।<br>क) व्यक्तिवाचक संज्ञा, एकवचन, पुल्लिंग।<br>ख) समूहवाचक संज्ञा, बहुवचन, स्त्रीलिंग।<br>ग) पुरुषवाचक सर्वनाम' कर्ता कारक' एकवचन' पुल्लिंग।<br>घ) विशेषण, कर्ता कारक, बहुवचन, स्त्रीलिंग। | |
| (3) | कुछ लोग बातें कर रहे थे<br>क) सकर्मक क्रिया, वर्तमान काल, एकवचन।<br>ख) अकर्मक क्रिया, भूतकाल, बहुवचन, पुल्लिंग।<br>ग) करण कारक, बहुवचन, वर्तमान काल, विशेषण।<br>घ) अधिकरण कारक, भूतकाल, बहुवचन, स्त्रीलिंग। | |
| (4) | सविता ने सिमरन को पुस्तक दी<br>क) व्यक्तिवाचक संज्ञा, एकवचन, वर्तमान काल।<br>ख) सकर्मक क्रिया, बहुवचन, वर्तमान काल, जातिवाचक।<br>ग) सकर्मक क्रिया, भूतकाल, एकवचन, स्त्रीलिंग ।<br>घ) अकर्मक क्रिया, वर्तमान काल, बहुवचन, व्यक्तिवाचक। | |
| (5) | हिमालय संसार का सबसे ऊंचा पर्वत है।<br>क) जातिवाचक संज्ञा एकवचन स्त्रीलिंग।<br>ख) व्यक्तिवाचक संज्ञा, स्त्रीलिंग, बहुवचन।<br>ग) सर्वनाम, एकवचन, पुल्लिंग।<br>घ) व्यक्तिवाचक संज्ञा, एकवचन, पुल्लिंग। | |
| प्रश्न.6 | निम्नलिखित 5 में से किन्ही 4 प्रश्नों के उत्तर दें। | 4X1 |
| (1) | किस रस का स्थाई भाव उत्साह है?<br>क) करुण रस<br>ख) रौद्र रस<br>ग) वीर रस<br>घ) भयानक रस | |
| (2) | करुण रस का स्थाई भाव है<br>क) क्रोध<br>ख) शोक<br>ग) रति<br>घ) भय | |
| (3) | चींटी चढ़ी पहाड़ पे,मरने के वास्ते<br>नीचे खड़े कोहली, कैच लेने के वास्ते।<br>उपर्युक्त पंक्तियों में कौन सा रस है<br>क) भयानक रस<br>ख) शांत रस<br>ग) हास्य रस<br>घ) करुण रस | |
| (4) | संयोग और वियोग किस रस के दो भेद हैं?<br>क) अद्भुत रस<br>ख) श्रृंगार रस<br>ग) वात्सल्य रस | |

| | | |
|---|---|---|
| | घ) वीर रस | |
| (5) | क्रोध के कारण किस रस की निष्पत्ति होती है **?**<br>क) रौद्र रस<br>ख)भयानक रस<br>ग) वीभत्स रस<br>घ) वीर रस | |
| | पाठ्य-पुस्तक | (14) |
| प्रश्न.7 | दिए गए गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर के लिए सबसे उचित विकल्प को चुनें। | 5X1 |
| | पान वाले के लिए यह एक मजेदार बात थी, लेकिन हालदार साहब के लिए चकित और द्रवित करने वाली। यानी वह ठीक ही सोच रहे थे। मूर्ति के नीचे लिखा 'मूर्तिकार मास्टर मोतीलाल' वाकई कस्बे का अध्यापक था। बेचारे ने महीने भर में मूर्ति बनाकर पटक देने का वादा कर दिया होगा। बना भी ली होगी, लेकिन पत्थर में पारदर्शी चश्मा कैसे बनाया जाए -कांचवाला- यह तय नहीं कर पाया होगा। या कोशिश की होगी और असफल रहा होगा। या बनाते बनाते कुछ और बारीकी के चक्कर में चश्मा टूट गया होगा। या पत्थर का चश्मा अलग से बनाकर फिट किया होगा और वह निकल गया होगा। उफ़...!<br>हालदार साहब को यह सब कुछ बड़ा विचित्र और कौतुकभरा लग रहा था। इन्हीं ख्यालों में खोए-खोए पान के पैसे चुकाकर चश्मे वाली की देश-भक्ति के समक्ष नतमस्तक होते हुए वह जीप की तरफ चलें, फिर रुके, पीछे मुड़े और पान वाले के पास जाकर पूछा, क्या कैप्टन चश्मे वाला नेता जी का साथी है? या आजाद हिंद फौज का भूतपूर्व सिपाही? | |
| (1) | मूर्तिकार मोतीलाल वाकई में कौन थे**?**<br>क) किसान<br>ख) अध्यापक<br>ग) चित्रकार<br>घ) इनमें से कोई नहीं | |
| (2) | मूर्तिकार ने नेताजी का कैसा चश्मा बनाया था**?**<br>क) पत्थर का पारदर्शी चश्मा<br>ख) कांच वाला चश्मा<br>ग) सरकंडे का चश्मा<br>घ) इनमें से कोई नहीं | |
| (3) | किस चक्कर में चश्मा टूट गया होगा प्रश्न**?**<br>क) चश्मा बनाते बनाते टूट गया होगा<br>ख) कांच टूट गया होगा<br>ग) अलग से बनाने का प्रयास किया होगा<br>घ) कुछ और बारीकी के चक्कर में चश्मा टूट गया होगा | |
| (4) | क्या कैप्टन चश्मे वाला नेता जी का साथी है या आजाद हिंद फौज का भूतपूर्व सिपाही?<br>यह प्रश्न किस ने किस से पूछा**?**<br>क) पान वाले ने हालदार साहब से<br>ख) हालदार साहब ने पान वाले से<br>ग) ड्राइवर ने हालदार साहब से<br>घ) मास्टर मोतीलाल ने पान वाले से | |
| (5) | किसकी देशभक्ति के समक्ष नतमस्तक होते हुए हालदार साहब जीप की ओर चले<br>क) नेताजी सुभाष चंद्र बोस की<br>ख) पान वाले की<br>ग) कैप्टन चश्मे वाली की<br>घ) मास्टर मोतीलाल की | |
| प्रश्न.8 | निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए। | 2×1 |
| (1) | लखनवी अंदाज पाठ में नवाब साहब ने कहां से चाकू निकाला**?**<br>क) कुर्ते से<br>ख) बैग से<br>ग) जेब से<br>घ) थैले में से | |
| (2) | फादर कामिल बुल्के अपने देश को छोड़कर भारत में रहने लगे थे। वे किस देश के मूल निवासी थे**?** | |

| | | |
|---|---|---|
| | क) इंग्लैंड<br>ख) पोलैंड<br>ग) बेल्जियम<br>घ) बुल्गारिया | |
| प्रश्न.9 | निम्नलिखित पद्यांश को पढ़ कर प्रश्नों केउत्तर के लिए सही विकल्प का चयन करें। . | 5X1 |
| | उधौ, तुम हौ अति बड़भागी।<br>अपरस रहत सनेह तगा तैं नाहिन मन अनुरागी।<br>पुरइन पात रहत जल भीतर ता रस देह न दागी।<br>ज्यों जल मांह तेल की गागरी बूंद न ताकौं लागी।<br>प्रीति- नदी में पाउँ न बोरियौं, दृष्टि ना रूप परागी।<br>सूरदास अबला हम भोरी , गुर चांटी ज्यौं पाखी । | |
| (1) | उद्धव को कौन बड़भागी कह रहा है?<br>क) कृष्ण<br>ख) गोपियां<br>ग) सूरदास<br>घ) उद्धव के मित्र | |
| (2) | कमल के पत्ते और तेल की गागर से किस की तुलना की गई है?<br>क) कृष्ण की<br>ख) गोपियों की<br>ग) उद्धव की<br>घ) सूरदास की | |
| (3) | भोली-भाली गोपियों ने अपनी तुलना किससे की है?<br>क) तेल की गागर से<br>ख) गुड़ में फंसी चीटियों से<br>ग) कमल के पत्ते से<br>घ) कृष्ण से | |
| (4) | प्रीति- नदी मैं कौन सा अलंकार प्रयुक्त है?<br>क) उपमा अलंकार<br>ख) अनुप्रास अलंकार<br>ग) रूपक अलंकार<br>घ) उत्प्रेक्षा अलंकार | |
| (5) | उपर्युक्त पद में कौन सी भाषा प्रयुक्त है<br>क) अवधि<br>ख) ब्रज<br>ग)खड़ी बोली हिंदी<br>घ)भोजपुरी | |
| प्रश्न.10 | निम्नलिखित में से निर्देशानुसार उचित विकल्पों का चयन कीजिए। | 2×1 |
| (1) | उत्साह कविता में कवि निराला जी ने किसे काले घुंघराले बालों जैसे सुंदर कहा है?<br>क) बिजली को<br>ख) छोटे बच्चों को<br>ग) बादल को<br>घ) हवा को | |
| (2) | परशुराम के अनुसार जिसने शिव धनुष तोड़ा है वह मेरा शत्रु है<br>क) विश्वामित्र के समान<br>ख) लक्ष्मण के समान<br>ग) सहस्त्रबाहु के समान<br>घ) ऋषि वशिष्ठ के समान | |
| | खंड-ब वर्णनात्मक प्रश्न | |
| | पाठ्य-पुस्तक एवं पूरक पाठ्य-पुस्तक | (20) |

| | | |
|---|---|---|
| प्रश्न.11 | निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए। | 2×4 |
| (1) | पुत्र वधू की ऐसी कौन सी इच्छा थी जिससे बालगोबिन भगत ने पूरा नहीं होने दिया, कारण स्पष्ट कीजिए। | |
| (2) | नेताजी का चश्मा पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए की महत्त्व मूर्ति के रंग रूप या कद का नहीं, बल्कि उस भावना का है जो मूर्ति के साथ जुड़ी है। | |
| (3) | लखनऊ स्टेशन पर खीरा बेचने वाले खीरे के साथ क्या-क्या देते हैं? | |
| (4) | फादर बुल्के की मृत्यु कैसे हुई थी? उनके अंतिम संस्कार के समय कौन-कौन उपस्थित थे? | |
| प्रश्न.12 | निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 60-70 शब्दों में लिखिए:। | 2×3 |
| (1) | गोपियों ने यह क्यों कहा कि हरि अब राजनीति पढ़ आए हैं? क्या राजनीति पर उनका यह कटाक्ष आज की राजनीति पर भी नजर आता है? | |
| (2) | राजा जनक की सभा में लक्ष्मण ने किस मुनि को चुनौती दी और क्यों? | |
| (3) | 'कन्यादान' कविता में मां ने अपनी बेटी को क्या-क्या सीखे दी? क्या वह सीख आज भी उचित है। | |
| प्रश्न.13 | निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 40- 50 शब्दों में लिखिए। | 3X2 |
| (1) | माता का आंचल पाठ में बच्चों की जो दुनिया रची गई है, वह आपके बचपन की दुनिया से किस तरह भिन्न है? | |
| (2) | सिक्किम की राजधानी गंतोक को मेहनतकश बादशाहो का शहर' क्यों कहा गया है? | |
| (3) | जॉर्ज पंचम की लाट पर किसी भी भारतीय नेता, यहां तक की भारतीय बच्चे की नाक फिट ना होने की बात से लेखक किस ओर संकेत करना चाहते हैं? | |
| प्रश्न.14 | निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 80-100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए । | 1X5 |
| (1) | मेरी पहली रेल यात्रा<br>* यात्रा से पहले की उत्सुकता<br>*यात्रा की तैयारी<br>*प्लेटफार्म पर रेल का आना | |
| (2) | महानगरों में बढ़ता प्रदूषण<br>* भूमिका<br>*गंभीर<br>*समस्या<br>* कारण<br>*समाधान | |
| (3) | आदर्श विद्यार्थी<br>*विद्यार्थी का अर्थ<br>*आदर्श विद्यार्थी के लक्षण/ दिनचर्या<br>*आदर्श विद्यार्थी के गुण | |
| प्रश्न.15 | आज के समाचार चैनलों की दुर्दशा को दर्शाते हुए, समाचार पत्र के संपादक को 80 से 100 शब्दों में एक पत्र लिखें।<br>अथवा<br>शुद्ध आचरण की अनिवार्यता को दर्शाते हुए 80 से 100 शब्दों में छोटे भाई को पत्र लिखें | 1×5 |
| प्रश्न.16 | वृक्ष लगाओ विषय पर 25 से 30 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए।<br>अथवा<br>'शेरा' कंपनी के कंबल के लिए एक आकर्षक विज्ञापन 25 से 30 शब्दों में तैयार करें। | 1×5 |
| प्रश्न.17 | आपके बड़े भाई ने एक नया घर खरीदा है। उनको 30 से 40 शब्दों में एक बधाई संदेश लिखें।<br>अथवा<br>आपके मित्र के पिता की मृत्यु कार दुर्घटना में हो गई। 30-40 शब्दों में मित्र को एक शोक संदेश लिखें | 1×5 |

QB365 QUESTION BANK 365